This publication will be a useful information database for the students, researchers, fishery planners, policy makers and all those who get associated with fisheries. This is the book which you were awaiting to read, a compendium of valuable collection of review papers, the alpha and omega of marine fisheries research conducted in India with the purview of a global background and written and peer reviewed by experts in the field. As Walt Disney says "There is more treasure in books than in all the pirates' loot on Treasure Island and at the bottom of the Spanish Main....." The reader too will find that the book is a treasure trove of incomparable value from where he can pick and choose and enrich himself from page one to the last.

आइ एस एस एन 0254-380 X

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा

तकनीकी एवं विस्तार अंकावली

संख्या 197
जुलाई-सितंबर 2008

कडलमीन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
डाक संख्या 1603, कोचीन - 682 018, केरल, भारत
WWW.cmfri.org.in

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा

अंक सं. 197 * जुलाई-सितंबर, 2008

संकेत चिह्न - *स.मा.सू.से., त व वि. अं*

प्रकाशक

डॉ. जी. सैदा रावु
निदेशक, के. स. मा. अ. सं., कोचीन

संपादक

डॉ. रानी मेरी जोर्ज

संपादन सहयोग

डॉ. के.एस. शोभना
डॉ. के. विनोद
डॉ. टी.एम. नज़मुदीन
डॉ. श्रीनिवासा राघवन वी.
डॉ. गीता आन्टणी
वी. एड्विन जोसफ

अनुवाद

पी.जे. शीला
ई. शशिकला

सदस्य सचिव

सी.वी. जयकुमार

अंतर्वस्तु

समुद्री पखमछली और कवच मछली के डिम्भ संवर्धन के लिए जीवंत खाद्य अनुसंधान 1

मान्नार की खाडी और पाक खाडी में ट्राप मत्स्यन 7

समुद्री खरगोश आप्लीसिया, *डोनाबेल्ला रम्फी* (कुविर) का आहार विधान और संग्रहण अवस्था में अंडजनन और पालन पर परीक्षण 8

कर्नाटक तट के पश्चजल क्षेत्रों में उगने वाला समुद्रीघास रुपिया मारिटिमा - लवण सहिष्णु जीन का एक संभाव्य स्रोत 11

भारत के दक्षिणपूर्वी तट में पाक की खाडी में देवीपट्टिनम और मान्नार की खाडी में कीलाकरै में स्क्विड और कटलफिश (सुफेनक) के लिए हस्त जिगन मात्स्यिकी 11

धनुष्कोटी तट पर बहुसंख्यक ट्रिगर फिश *ओडोनस नाइगर* (रूपेल) की मर्त्यता 12

न्यूफेरी वार्फ, मुंबई में *पाम्पस चिनेनसिस* (यूफ्रासेन, 1788) की उच्च पकड का अवतरण 13

हाल में उद्घाटन किए गए गांगुली 'छोटी मात्स्यिकी पोताश्रय' पर संक्षिप्त विविरण 14

एपिनेफेलस डयाकान्थस में मांसार्बुद 14

सीनियप्पा दुर्ग, मान्नार की खाडी में एक हम्पबैक डोल्फिन का धंसन 15

मुंबई में अवतरण की गयी समुद्री शिंगटी *ओस्टियोजेनियोसस मिलिटारिस* (लिन्नेइस 1758) में संपूर्ण रंजकहीनता 15

पुस्तक समीक्षा : स्टाटस एन्ड पेरस्पेक्टीव्स इन मरीन फिशरीस रिसर्च इन इन्डिया - सी एम एफ आर आइ हीरक जयंती प्रकाशन 17

न्यू फेरी वार्फ में चीनी पाम्फ्रेट का भारी अवतरण

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवाः समुद्री मात्स्यिकी पर आधारित अनुसंधान परिणामों को आयोजकों, मत्स्य उद्योगों और मत्स्य पालकों के बीच प्रसार करना और तकनोलजी को प्रयोगशाला से श्रमशाला तक हस्तांतरित करना इस तकनीकी और विस्तार अंकावली का लक्ष्य है।

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा

समुद्री पखमछली और कवच मछली के डिम्भ संवर्धन के लिए जीवंत खाद्य अनुसंधान

जी. गोपकुमार, के. मधु, रीता जयशंकर, रमा मधु, जो के. किष़क्कूडन, जोसिलीन जोस, बोबि इग्नेषियस, पी. विजयगोपाल, षोजी जोसफ, गुल्शद मोहम्मद और मोली वर्गीस

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान

आमुख

समुद्री पख मछली और कवच मछली जलकृषि में 1980 के वर्षों से हुए प्रमुख विकासों का श्रेय जीवंत खाद्यों को भरपूर मात्रा में उत्पादन करने के लिए विकसित किए मानक तकनीक को दे सकता है। पालित बहुसंख्यक प्राणियाँ डिम्भकोत्तर अवस्था में मांसाहारी या सर्वाहारी होने पर भी उनकी डिम्भकीय अवस्था की छोटी सी अवधि में एक पोषक के रूप में सूक्ष्म एल्गे को सीधा या तो उनको खिलाए जानेवाले प्राणियों को खिलाकर परोक्ष रूप में खिलाना अनिवार्य है। पेनिआइड चिंगट के पश्च डिम्भक का स्फुटनशाला उत्पादन प्राथमिक अवस्थाओं में जीवंत डयाटमों और बाद की अवस्थाओं में आर्टीमिया पर आश्रित रहता है। रोटिफेरों और आर्टीमिया के प्रयोग से ही समुद्री पखमछलियों का सार्वभौमिक उत्पादन साध्य बनाया जाता है। समुद्री पखमछली डिम्भक संवर्धन के लिए प्रयुक्त 'ग्रीन वाटर तकनीक' में सूक्ष्म एल्गे का नियमित उपयोग हो रहा है। अधिकतर समुद्री पख मछलियों के डिम्भक नीडपोषी होते हैं और पीतक कोष खतम होने पर ये अविकसित अवस्था में ही रह जाते हैं। उदर की अनुपस्थिति में इनकी पाचक तंत्र अल्पवर्धित होता है और प्रोटीन पाचन का कार्य प्रमुखतः पश्चांत्र उपकला कोशों में हो जाता है। नीडपोषी डिम्भकों में सूत्रित खाद्य पचित करने की क्षमता नहीं है, इसलिए जीवंत खाद्य ही उनके लिए जानदार है। खाद्य जीव जल स्तम्भ में तरण कर सकते है और डिम्भकों के लिए ये सदा उपलब्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त जल में इन जीवंत खाद्यों का चलन डिम्भकों को अशन के लिए प्रेरणा देती है। ठोस सूत्रायित खाद्य की तुलना में पतले बहिःकंकाल के जलभरी जीवंत खाद्य डिम्भकों के लिए अधिक स्वादिष्ट होते हैं।

जीवंत खाद्य के रूप में कॉपीपोडों की संवर्धन रीतियों का विकास, डिम्भक संवर्धन में विभिन्न सूक्ष्मशैवालों के उपयोग करके ग्रीन वाटर तकनीकों पर अध्ययन, डिम्भक संवर्धन में उपयोग के लिए रोटिफेरों का पोषक संपुष्टीकरण, सूक्ष्मशैवाल के नए विभेदों का पृथक्करण, सूक्ष्मशैवाल के भारी संवर्धन पर परीक्षण, महाचिंगटों के डिम्भक संवर्धन में सूक्ष्म जीवंत खाद्यों का उपयोग, पखमछलियों के डिम्भक संवर्धन में कॉपीपोडों का उपयोग और संपुष्ट रोटिफेरों का वसा अम्ल परिच्छेदिकायन सी एम एफ आर आइ द्वारा 10 वीं योजना परियोजना के अधीन जीवंत खाद्य पर चलाए गए प्रमुख अनुसंधान कार्य थे।

जीवंत खाद्य के रूप में कॉपीपोड

यह सर्वमान्य तथ्य है कि पर्याप्त डीकोक्सि हेक्सोनाइक अम्ल, एयकोसो पेन्टेनोइक अम्ल और अरकिडोनिक अम्ल युक्त छोटे आकारवाले जीवंत खाद्य कलवा एवं कई आलंकारिक मछलियों सहित नीडपोषी डिम्भकों युक्त समुद्री मछलियों के डिम्भक पालन के लिए अतीव अनिवार्य घटक है। बढती में प्रगति, अतिजीवितता और सामान्य

वर्णकता कॉपीपोड खिलाकर पालन की गई प्रायः सभी पखमछलियों के मामले में अभिलेखित तथ्य है। आकार रैंच में कहनेयोग्य भिन्नता कॉपीपोड जातियों का विशेष गुण है। कॉपीपोड अंडों से बाहर आनेवाला डिम्भक, कॉपीपोडाइट अवस्थाओं में प्रवेश करने के पहले 5 या 6 निर्मोचन के बाद विकसित नॉप्ली (एन एल) है। प्रारंभिक अवस्था की नॉप्ली और कॉपीपोडाइट छोटे मुँह छिद्र के मछली डिम्भकों के लिए अति उपयोगी है।

छोटे कॉपीपोडों की दो जातियों हरपाक्टिकोइड *यूटरपिना एक्यूटिफ्रोन्स* और कलनोइड *स्यूडोडयाप्टोमस सेरीकॉडाटस* को उनके छोटे आकार के आधार पर अध्ययन के लिए चुन लिया गया। उनका आकार का ब्योरा इस प्रकार था।

स्यूडोडयाप्टोमस सेरीकॉडाटस

प्रौढ	:	643-728 µm
नॉप्ली	:	50-65 µm
नॉप्ली की अंतिम अवस्था में	:	185-190 µm
कॉपीपोडाइट्स	:	200-514 µm

यूटेरपिना एक्यूटीफ्रोन्स

प्रौढ	:	485-571 µm
नॉप्ली	:	41-52 µm
कॉपीपोडाइट्स	:	285-571-345 µm

कलनोइड कॉपीपोड *स्यूडोडयाप्टोमस सेरीकॉडाटस* का संवर्धन

पी. सेरीकॉडाटस के संवर्धन पर परीक्षण दो टन धारिता के टैंकों में किए गए थे। प्रारंभ में प्रति मि ली $3x10^5$ से $5x10^5$ कोशिकाओं तक *नान्नोक्लोरोप्सिस* संवर्ध जोडकर टैंक के जल को हरित बनाया गया था। इस हरित जल में प्रौढ कॉपीपोडों को डाल दिया गया। पूरे परीक्षणावधि तक कोशिकाओं की संख्या बनाये रखने के लिए रोज़ हरित जल भरते रहा। हर रोज़ अंडरहित, अंडसहित, नाप्ली और कॉपीपोडाइटों को गिनकर संख्या ली, जिसका विवरण चित्र 1-4 में दिया गया है।



चित्र 1 - अंडरहित कॉपीपोडों की दैनिक संख्या



चित्र 2 - अंडसहित कॉपीपोडों की दैनिक संख्या



चित्र 3 - नॉप्ली की दैनिक संख्या



चित्र 4 - कॉपीपोडाइटों की दैनिक संख्या

पी. सेरीकॉडाटस और ई. एक्यूटीफ्रोन्स का मिश्रित संवर्धन

डिम्भक संवर्धन में कॉपीपोड मिश्रितों से संवर्धन करने पर प्राप्त सफलता देखकर *पी. सेरीकॉडाटस* और *ई. एक्यूटिफ्रोन्स* के मिश्रित



चित्र 5 - अंडरहित कॉपीपोडों की दैनिक संख्या



चित्र 6 - अंडसहित कॉपीपोडों की दैनिक संख्या



चित्र 7 - नॉप्ली की दैनिक संख्या



चित्र 8 - कॉपीपोडाइटों की दैनिक संख्या

संवर्धन पर परीक्षण चलाया गया। संवर्धन विधि वही थी जो *पी. सेरिकॉडाटस* के लिए प्रयुक्त की गयी थी। विभिन्न अवस्थाओं की दैनिक संख्या चित्र 5-8 में दी गयी है।

जीवित चारा के रूप में कॉपीपोडों के प्रयोग करके डिम्भक संवर्धन परीक्षण

डिम्भक संवर्धन टैंक के हरित जल में कॉपीपोडों का सह-संवर्धन समुद्री पखमछलियों के पालन में अत्यधिक प्रभावी देखा गया। शुरुआत में डिम्भक संवर्धन टैंक (5 टन धारिता के एफ आर पी टैंक) के जल को पर्याप्त मात्रा में *नान्नोक्लोरोप्सिस* संवर्ध जोडकर हरित बना दिया गया ताकि प्रति मि ली $3x10^5$ कोशिकाओं से $5x10^5$ कोशिकाएं प्राप्त हो सके। *इ. एक्यूटिफ्रोन्स* और *पी. सेरीकॉडाटस* के प्रौढों को टैंक में डाला गया। प्रति 50 मि ली में उपस्थित अंडवाहक कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या गिनकर उनकी बढती सुनिश्चित करने के बाद नए स्फुटित डिम्भकों को इन टैंकों में डाला गया।

इस रीति के प्रयोग करके पाँच अलंकारी मछली जातियों जैसी *डासिल्लस ट्राइमाकुलाटस, डी. अरुवानस, पोमासेन्ट्रस सीरुलस, नियोपोमासेन्ट्रस नेमुरस* और *क्रोमिस विरिडिस* के डिम्भसंवर्धन पर परीक्षण चलाया गया था। उपर्युक्त पाँच जातियों के सफल डिम्भक पालन परीक्षण के प्रथम चरण के दौरान प्रति 50 मि ली में प्रौढ कॉपीपोडों, अंडवाहक कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या अभिलेखित की गयी थी।

डासिलस अरुवानस डिम्भसंवर्धन के प्रथम चरण में अंडरहित कॉपीपोडों, अंडसहित कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या प्रति 50 मि ली क्रमशः 7-152, 1-109, 3-273 और 12-173 के रैंच में थी। *डी. ट्राइमाकुलाटस* डिम्भसंवर्धन की प्रथम चरण में अंडरहित कॉपीपोडों, अंडसहित कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या प्रति 50 मि ली क्रमशः 22-109, 7-97, 35-203 और 37-163 थी और *पोमासेन्ट्रस सीरुलस* में अंडरहित कोपीपोडों, अंडसहित कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या प्रति 50 मि ली क्रमशः 21-263, 7-41, 23-132 और 17-73 थी। *नियोपोमासेन्ट्रस नेमुरस* में अंडसहित कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या प्रति 50 मि ली क्रमशः 11-230, 3-41, 24-171 और 2-262 थी और *क्रोमिस विरिडिस* डिम्भक संवर्धन की प्राथमिक अवस्था में अंडरहित

कोपिपोडों, अंडसहित कॉपीपोडों, नॉप्ली और कॉपीपोडाइटों की संख्या प्रति 50 मि ली क्रमशः 5-61, 1-62, 21-116 और 6-41 थी।

चित्र 9 - वयस्क *यूटरफिना एक्यूटिफ्रोन्स*



चित्र 10 - *पी. सेरिकॉडाटस* का पुंज संवर्धन

चित्र 11 - नॉप्लियस *पी. सेरिकॉडाटस*

हनीकोम्ब कलवा *एपिनेफेलस मेर्रा* का डिम्भक संवर्धन

हरित जल और स्यूडो हरित जल प्रौद्योगिकियों द्वारा और संवर्धन के प्रथम पन्द्रह दिनों में *पी. सेरीकॉडाटस* और *ई. एक्यूटीफ्रोन्स* नॉप्ली खिलाने द्वारा हनीकोम्ब कलवा का सफल डिम्भक संवर्धन प्राप्त किया गया। प्रथम पन्द्रह दिनों में डिम्भक पालन टैंकों में नॉप्ली की सांद्रता प्रति 50 मि ली 4-13 के रैंच में और कॉपीपोडाइट की सांद्रता 2-11 में बनायी रखी थी।

सभी डिम्भक संवर्धन परीक्षणों में प्रथम पन्द्रह दिनों में डिम्भकों की अतिजीवितता नाप्लियस/कॉपीपोडाइट अवस्थाओं की सघनता के समानुपातिक थी।

डिम्भ संवर्धन टैंकों में कॉपीपोडों के साथ रोटीफेरों की प्रस्तुति

डी. ट्राइमाकुलाटस और *डी. अरुवानस* डिम्भक संवर्धन पर किए गए प्रत्येक परीक्षण में प्रथम हफ्ते के अंत में कॉपीपोडों के साथ रोटीफेरों को भी जोड दिया गया। 2-3 दिनों में कॉपीपोडों से भी बढकर रोटीफेरों का प्रस्फुटन देखा गया। दोनों परीक्षणों में डिम्भकों की पूर्ण मर्त्यता देखी गयी।

चारा जीवों का पोषण संपुष्टीकरण

क्लाउन मछली *आम्फीप्रियोन ओसेल्लारिस* के डिम्भ संवर्धन के लिए संपुष्ट रोटीफेर

(i) *क्लोरेल्ला सालिना* ($60\text{-}70 \times 10^6$) से संपुष्ट रोटीफेर ने (प्रति मि ली 100-150) डिम्भकें स्फुटित होने के बाद 0-15 दिनों में 45% अतिजीवितता दर्ज की।

(ii) *नानोक्लोरोप्सिस ओक्युलाटा* ($60\text{-}70 \times 10^6$) से संपुष्ट किये गये रोटीफेर ने (प्रति मि ली 100-150) स्फुटन के 0-15 दिनों में 68% अतिजीवितता दर्ज की।

(iii) 1:1 के अनुपात में *सी. सालिना* ($60\text{-}70 \times 10^6$) और *एन. ओक्युलाटा* ($60\text{-}70 \times 10^6$) से संपुष्ट किए गए रोटीफेर खिलाने से स्फुटन के बाद 0-15 दिनों में डिम्भकों में 80-85% अतिजीवितता देखी गयी।



कॉड यकृत तेल से संपुष्ट किया गया रोटीफेर

(iv) केवल कॉड-यकृत तेल से संपुष्ट किये गये रोटीफेर डिम्भकों की अतिजीवितता के लिए अनुकूल नहीं था। लेकिन तेल के साथ हरित एल्गे *एन. ओक्युलाटा* ($60\text{-}70 \times 10^6$) और *सी.सालिना* ($60\text{-}70 \times 10^6$) भी जोडने से 35-40% तक की डिम्भक अतिजीवितता प्राप्त की जा सकी।

क्लाउन मछली *ए. पेरक्युला* के डिम्भक पालन पर विभिन्न हरित जल प्रौद्योगिकियों का प्रभाव

क्लोरेल्ला और *नानोक्लोरोप्सिस* जातियों को 1:1 के अनुपात में मिश्रित करके *ए. पेरक्युला* के डिम्भक पालन में विभिन्न हरित जल प्रणालियों के प्रभाव जानने के लिए किए गए परीक्षणों ने व्यक्त किया कि:

(i) स्फुटन के तुरंत बाद से तीसरे दिन तक हरित जल के रूप में *क्लोरेल्ला सालिना* (60×10^6) के उपयोग करने से 50-60% डिंभक अतिजीवितता प्राप्त हुई।

(ii) स्फुटन के तुरंत बाद से तीसरे दिन तक हरित जल के रूप में *नानोक्लोरोप्सिस* (60×10^6) के उपयोग करने से 60-70% डिंभक अतिजीवितता प्राप्त हुई।

(iii) स्फुटन के तुरंत बाद से तीसरे दिन तक हरित जल के रूप में *नानोक्लोरोप्सिस* (60×10^6) और *क्लोरेल्ला सालिना* (60×10^6) 1:1 अनुपात में उपयोग करने पर 80-90% डिंभक अतिजीवितता प्राप्त हुई।

नील डामसेल के डिंभक पालन में हरितजल का प्रभाव

नील डामसेल डिंभकों को सूक्ष्मशैवाल खिलाने से घटित प्रभाव पर अध्ययन किया गया। विभिन्न प्रकार के शैवालों पर पालन किए गए डिंभकों की आहारनली में पाये गए रोटीफेरों की संख्या लेकर अशन की तीव्रता की गणना की गयी थी। इसके अनुसार *नानोक्लोरोप्सिस* के प्रयोग किए गए डिंभकों की अशन तीव्रता में अन्य उपचारों की तुलना में छोटी सी वृद्धि होती हुई देखी गयी थी।

कर्कट डिंभक संवर्धन के लिए रोटीफेरों का संपुष्टीकरण

प्रति मिलियन रोटिफेरों को 300 मि ग्रा 'अल्गामक' (वाणिज्यक उत्पाद) से 6-12 घंटों तक संपुष्ट किया गया। कर्कट डिंभकों को इन संपुष्ट रोटीफेरों से खिलाया। समुद्री कर्कट (*पोर्ट्नस सांग्विनोलेन्टस*) के ज़ोएल विकास में असंपुष्ट रोटीफेरों की तुलना में विचारणीय प्रगति नहीं हुई थी।

महाचिंगट डिंभक संवर्धन के लिए आर्टीमिया का संपुष्टीकरण

आर्टीमिया पुटिकाओं (ओ एस आइ - ब्रान्ड) को स्फुटित करके विभिन्न इमल्शनों में 12-24 घंटों तक संपुष्ट किया गया।

(क) उबाले या दबाये गए तारली मांस से लिए गए कच्चा तारली तेल को 1 मि ली/100 मि ली, 2 मि ली/100 मि ली और 3 मि ली/100 मि ली की दर पर माध्यम के रूप में उपयोग किया गया।

(ख) मत्स्य चूर्ण और अतिसूक्ष्म भूँस के मिश्रण (1:9) को 24-48 घंटों तक किण्वित किया गया। 20μ कपडे से निस्यंदित द्रव का उपयोग किया गया।

(ग) ओ टी सी (20 पी पी एम) - उपचार के बाद पक्ष्माभी प्राणी ग्रसन के लिए खिलाया गया।

(घ) स्पाइरुलिना और जल का मिश्रण

(ङ) स्पाइरुलिना और कॉड यकृत तेल का मिश्रण

(च) 100 मि ली समुद्र जल में कॉड यकृत तेल 1 मि ली की दर में

(छ) *नानोक्लोरोप्सिस* माध्यम में सीपी मांस निलंबन

अशन परीक्षणों में *पी. रुगोसस* फिलोसोमा में कच्चा तारली तेल निलंबन ने अच्छा परिणाम दर्ज की जब कि कॉड यकृत तेल का अभिग्रहण बहुत कम था। स्पाइरुलिना और कॉड यकृत तेल का मिश्रण शूली महाचिंगट के लिए अच्छा स्थापित हुआ।

पी. होमारस फिलोसोमा (पहली और दूसरी अवस्थाएं) ने भी *नानोक्लोरोप्सिस* माध्यम में सीपी मांस निलंबन का अच्छी तरह स्वीकार किया। लेकिन इस अशन में पक्ष्माभी प्राणी ग्रसन अधिक देखा गया। सिल्लारिड और शूली महाचिंगट डिम्भकों द्वारा ओ टी सी से संपुष्ट किए गए आर्टीमिया का अभिग्रहण नगण्य था।

***क्लोरेल्ला* से संपुष्ट किए गए रोटीफेर का वसा अम्ल प्रोफाइल**

क्लोरेल्ला के माध्यम से उगाये गए रोटीफेरों को संग्रहित करके वसा अम्लों के लिए परिच्छेदित किया गया। पहले के कार्यकर्ताओं की रिपोर्टों के अनुसार पादपप्लवकों पर संवर्ध किए गए रोटीफेरों में बहुअसंतृप्त वसा अम्ल बहुत कम था।

सूक्ष्मशैवाल

नए विभेदों का विलगन

सूक्ष्म शैवाल के कुछ नए विभेदों को विलगित करके कोच्ची के प्रभव संवर्धन कमरे में अनुरक्षित किया गया। इनमें आन्डमान निकोबार द्वीप समूह से संग्रहित *क्लोरोकोक्कस,* समुद्री *स्पाइरुलिना, कीटोसिरोस,*

नानोक्लोरोप्सिस, साइनेकोकोक्कस, आनाबीना, कोच्ची से संग्रहित *नानोक्लोरोप्सिस, कीटोसिरोस* और कोच्ची के पश्च जल क्षेत्रों से संग्रहित *क्राइसोफाइट* और *क्लोरोकोक्कस* के एक एक जाति भी शामिल थी जिनको समुद्री संपुष्ट माध्यम में असली रूप में अनुरक्षित किया गया।

समुद्री शैवालों का पुंज संवर्धन और डिंभक संवर्धन में इनका उपयोग

स्थूल संवर्धन प्रणालियों में कोशिका सांद्रता बढाने और संवर्धन की अवधि बढाने के लिए दो सेट परीक्षण चलाए गए। एक ही खुराक में पोषक खाद्य देने के बजाय आंशिक रूप में आपूर्ति संवर्धन काल बढाने में सफल हुआ, परंतु कोशिका सांद्रता कम होती हुई दिखायी पडी।

इनके अलावा अधिकतम कोशिका सांद्रता के साथ संवर्धन अवधि बढाने के लिए कई संशोधित संग्रहण रीतियों पर भी अध्ययन किया गया। आंशिक संग्रहण और कुल संवर्धों को नए टैंकों में स्थानांतरण अध्ययन की गई प्रणालियों में बेहत्तर देखा गया।

स्थूल जीवंत चारा

महाचिंगट डिंभक संवर्धन के लिए टेनोफोर संवर्धन और संपुष्टीकरण

प्रकृति से संग्रहित टेनोफोरों को कांच की जलजीवशाला में अनुरक्षित किया गया और खाद्य के रूप में सीपी/चिंगट/मछली मांस के टुकडे दिए गए जो इनको स्वीकृत भी देखा गया। इनमें सीपी मांस की उपभोग दर और खाद्य रूपांतरण बेहत्तर देखा गया। रेडियल कैनालों में वसा ऊतकों का शीघ्र संचयन होते हुए दिखाया पडा। संपुष्ट किए गए टेनोफोरों को महाचिंगट डिम्भकों को देने के पहले टुकडा कर दिया गया। प्रारंभिक परीक्षण *पेट्राकस रुगोसस* डिंभकों में चलाया गया, पर कम उपभोग देखा गया। इसी खाद्य *थेन्नस ऑरिएन्टालिस* के पी 111 डिम्भकों को बहुत ही स्वीकार्य देखा गया।

सूर्यप्रकाश सीधा नहीं पडने वाले, प्राणिप्लवक सघनता और >2 मी जल स्तम्भ के सिमेन्ट टैंकों में उच्च लवणता की स्थितियों में टेनोफोरों की तेज़ बढती देखी गयी। फिर भी बडी मात्राओं में फोरेजिंग प्लांक्टेर्स को भी टैंक में डालना चाहिए। 4x2x12 मी के सिमेन्ट टैंकों में देखा गया परिणाम प्रोत्साहक था। प्रगतिशील सिल्लारिड फिलोसोमा को इन टैंकों में प्रस्तुत करने पर मेडूसे के साथ आलग्न होकर तरण करते हुए दिखाया पडा था।

चित्र - 13 बडे सिमेन्ट टैंकों में पालित कोम्ब जेली

समापन

यह सब को मालूम है कि समुद्री डिंभक संवर्धन में चारा जीवों का उपयोग अनिवार्य घटक है, अतः जीवंत चारा अनुसंधान पखमछली और कवच प्राणियों के संतति उत्पादन का एक अविकल अंग है। उच्च सघनता और टिकाऊ जीवंत चाराओं के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों की ओर अनुसंधान तीव्र करना अनिवार्य है। संवर्धन के बीच होनेवाले संघर्षों के पहचान और प्रतिविधिक उपायों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। रोटीफेरों के उत्कृष्ट एवं छोटे विभेदों के उत्पादन के लिए किए जानेवाला आनुवंशिक चालबाजी और रोटीफेर पुटिकाओं के वाणिज्यिक उत्पादन भी अनुसंधान के मुख्य कार्य हैं। फोटोबयोरियाक्टेर्स में और किण्वन प्रौद्योगिकियों के ज़रिए उच्च सघनता के सूक्ष्मशैवालों का उत्पादन भी आगे के विकास के लिए शक्य क्षेत्र है। कॉपीपोड की संवर्धन प्रौद्योगिकियों, जो समुद्री पखमछलियों के सहायापेक्षी डिम्भकों के पालन की सफलता का मूल आधार है, का मानकीकरण भी आगे करना है, अतः इस पर भी अनुसंधान अनिवार्य है। जीवंत चाराओं के अनुसंधान में होनेवाली प्रगतियों द्वारा आनेवाले वर्षों में कई समुद्री पख एवं कवच मछलियों के वाणिज्यीकरण के लिए रास्ता खोला जा सकता है।

मान्नार की खाडी और पाक खाडी में ट्राप मत्स्यन

मोली वर्गीस, सी. काशिनाथन और ए. गांधी
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

ट्राप मत्स्यन मान्नार की खाडी और पाक खाडी की प्रमुख मत्स्यन रीति है। "कूडु" नाम से जानने वाले मछली ट्रापों का पेर्च मात्स्यिकी के लिए यहाँ खूब उपयोग किया जाता है। यह क्षेत्र चट्टानों और प्रवालों के साथ उथला होने के कारण जालों का प्रचालन यहाँ सफल रूप से किया नहीं जा सकता। शायद इसलिए ट्राप मत्स्यन यहाँ इतना प्रचुर हुआ होगा। प्रभु (1954) और तोमस (1968) ने मान्नार की खाडी और पाक खाडी की मात्स्यिकी पर अध्ययन करते समय ट्रापों के निर्माण और प्रचालन पर विस्तृत विवरण किया है। इसके अतिरिक्त यहाँ की ट्राप मात्स्यिकी पर और कुछ सूचना उपलब्ध नहीं है। वर्ष 1968 के बाद ट्रापों के निर्माण और प्रचालन और विभिन्न केंद्रों में प्रचालित ट्रापों की संख्या में कई संशोधन आ गए। आज ट्रापों के निर्माण के लिए कई नए साधन भी उपलब्ध है। इस लेख में इस क्षेत्र में ट्रापों के मामले में हाल में हुए विकासों का उल्लेख करने का प्रयास किया गया है।

एक, दो या तीन द्वारों के ट्रापों का प्रयोग किया जाता है (चित्र 1, 2 और 3)

मछुआरों से पूछने पर यह सूचना मिली की एक द्वार के ट्राप में दो या तीन द्वारों के ट्रापों की तुलना में प्रवेश द्वार बडे होने के कारण बडी मछलियाँ पकडी जाती है और इसलिए इस ट्राप के लिए माँग भी ज्यादा है। इसके अलावा एक द्वार के ट्राप की निर्माण लागत भी कम है। ऊँचाई के आधार पर एकल ट्राप के तीन प्रकार उपलब्ध हैं। 5, 6 और 7 "कण्णी" ट्राप का मतलब है क्रमशः 5, 6 और 7 ऊँचाई की जाली के ट्राप। 5 'कण्णी' ट्राप का जालाक्षि आयाम साधारणतया 4 से मी होता है जिसका आम तौर पर उपयोग होता है।



चित्र 1 : एकल द्वार का ट्राप



चित्र 2 : दो द्वारों का ट्राप



चित्र 3 : तीन द्वारों का ट्राप

ट्रापों के निर्माण के लिए ओडाइ, ईचा आदि पेडों की शाखाएं, पालमिरा के मूल पत्ते और सिन्तेटिक पदार्थ पॉलीप्रोपिलीन, जिसको "रस्सी" कहता है आदि का उपयोग किया जाता है। ट्रापों के निर्माण के लिए "वयर" का उपयोग हाल का विकास है जिसका साधारणतया पाँच वर्षों तक उपयोग किया जा सकता है। ओडाई पेड (*एकेसिया प्लानिफ्रोन्स*) से निर्मित ट्रापों का उपयोग एक साल तक और ईचा पेड से निर्मित ट्रापों का उपयोग 2 महीनों तक ही किया जा सकता है। निर्माण लागत और प्राप्त मछलियों के आकार और मात्रा के आधार पर मत्स्यन दक्षता के मूल्यांकन के बाद इस क्षेत्र के मछुए ओडाइ पेड से निर्मित ट्रापों को पसन्द करते हैं।

ट्राप मत्स्यन में चारा के रूप में चिंगट सिरों का उपयोग साधारणतया किया जाता है। 'मछुआरों ने सूचित किया कि जेली फिश को चारा के रूप में उपयोग करने पर शायद इसके गंध से आकृष्ट होकर *सिगानस* जातियों की ज्यादा पकड हुई थी। चारा रखने के बाद मछुए एक पत्थर की सहायता से ट्रापों को अधःस्तर में रखते हैं। 24 घंटों के बाद मछुए पानी में डूबकर पकड निकालती है और चारा डालकर ट्रापों को फिर से मत्स्यन तल में रखते हैं। ट्रापों के दीर्घायु के लिए 10 से 12 दिनों के अंतराल में ट्रापों को तट पर लाकर साफ करके एक या दो दिनों तक धूप में सुखाकर फिर से उपयोग करते हैं।

आज रामेश्वरम, कीलाकरै, एरवाडी और मंडपम में भी ट्राप मत्स्यन किया जाता है और इन में प्रमुख रामेश्वरम है जहाँ लगभग 150 आदमी ट्राप मत्स्यन में लगे हुए है और हर आदमी के पास 10-15 ट्राप हैं।

समुद्री खरगोश आप्लीसिया, *डोनाबेल्ला रम्फी* (कुविर) का आहार विधान और संग्रहण अवस्था में अंडजनन और पालन पर परीक्षण

वी. वेंकटेशन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

अशन और वास के लिए आश्रित समुद्री शैवालों के अनुसार आप्लीसिया विभिन्न रंगों में दिखाये पडने वाले है। उदरपाद मोलस्कों में आनेवाला आप्लीसिया समुद्री जलजीवशाला के लिए एक उत्तम प्राणी है और इसकी तंत्रिका-कोशिकाएं बहुत बडी हैं। यह तंत्रिका कोशिका (न्यूरोन) कशेरुकियों में दिखायी पडनेवाली जैसी है, इसलिए तंत्रिकीय अनुसंधान, वैद्युत शरीरक्रिया विज्ञान एवं अनुकूलित प्रतिक्रियाएं संबंधी अध्ययन के लिए विषयीभूत करने में अनुकूल देखा जाता है। आज इसका विदोहन पूर्णतः प्राकृतिक संस्तरों पर आश्रित है। इस लेख में मण्डपम क्षेत्रीय केंद्र में प्रग्रहण अवस्था में रखी गयी *डोनाबेल्ला रम्फी* के अंडजनन के बारे में रिपोर्ट की जाती है।

दिनांक 22-7-05 को हेयर द्वीप के समुद्रीघास संस्तर से 14 जीवंत आप्लीसिया, *डी. रम्फी* को संग्रहित करके 75 लीटर धारिता के चार आयताकार टैंकों में 1:2,1:3,1:4 और 1:5 की दरों में जल पुनःचक्रण व्यवस्था के साथ संभरित किया गया। नमूनों का आकार 256 ग्रा से 462 ग्रा के बीच था। प्रारंभ में प्रत्येक प्राणी को प्रति दिन 5 ग्रा समुद्री शैवाल *अल्वा रेटिकुलेटा* से खिलाया गया। त्वचा को खुजली बनाने वाले गहरे बैंगनी रंग के फुहार उत्पन्न करनेवाले होने के कारण इनको पकडने का काम बहुत सतर्कता से किया गया था। मानक समुद्रजल तापमान और लवणता बनाए रखने के साथ 24 घंटों के लिए वातन का प्रबन्धन भी किया गया। टैंक में जल की गहराई 35 से मी थी। विभिन्न प्रकार के समुद्रीशैवालों के साथ किए गए अशन परीक्षण और आर्द्र भार के आधार पर उनका प्रतिशत उपभोग सारणी 1 में दिया गया हैं।

पालन के दो दिनों बाद दिनांक 25-7-05 को श्याम 5.45 बजे टैंक-4 के तल में प्रथम अंडजनन घटित हुआ। अंडजनन के एक दिन पहले प्राणी आहार नहीं लेता था और मंद गति के साथ सिर को कुछ

सारणी 1. समुद्री शैवालों के प्रयोग करके अशन परीक्षण और इस अवधि में इनका % उपभोग। औसत % मिश्रण पैरेनथेसिस में दिया गया है।

समुद्री शैवाल का प्रकार	***अल्वा रेटिकुलाटा***	***हाइपनीया मसिफोर्मिस म्यूसिफोर्मिस***	***ग्रासिलेरिया कोर्टिकाटा* वार. *कोर्टिकाटा***	***ग्रासिलेरिया सिलकोर्निया***	***ग्रासिलेरिया इडुलिस***
अवधि	24/07/05 - 03/08/05	04/08/05 - 13/08/05	14/08/05 - 23/08/05	24/09/05- 03/10/05	04/10/05 - 13/10/05
टैंक 1	36.41-93.76 (49.76)	55.28-94.48 (74.25)	10.29-37.49 (20.46)	15.23 - 38.4 (30.53)	33.41 -78.63 (52.43)
टैंक 2	7.64-64.71 (38.62)	67.16-92.6 (85.27)	6.64 - 22.48 (18.79)	9.8-23.22 (19.37)	28.43-68.89 (66.22)
टैंक 3	5.45-64.9 (29.86)	61.7-95.42 (78.62)	8.73-35.41 (28.27)	14.31-39.43 (29.87)	34.1-85.5 (65.37)
टैंक 4	9.4-53.79 (31.58)	56.7- 87.43 (68.42)	11.2 - 33.3 (21.47)	7.82-27.59 (18.42)	34.82-66.19 (47.75)

विशेष रीतियों में बार बार हिलाते हुए दिखाया पडा। प्रारंभ में कुछ मिनट के लिए दोनों पार्श्वों में सिर हिलाकर रुक गया। फिर, पार्श्वों में सिर हिलाते हुए ऊपर-नीचे का चालन प्रकट कराने लगा और जैतूनी आपीत हरित रंग का अंड धागा प्राणी के पादों के पश्च भाग से प्रत्यक्ष होने लगा जो टैंक के अधःस्तर में लगे हुए दिखाया पडा। यह अंडमाला



चित्र - 1 *डोनाबेल्ला रम्फी* का अंड माला

प्रायः 0.5 मि मी व्यास का था (चित्र-1)। एक घंटे बाद टैंक के अधःस्तर में एक गेंद जैसा रूपायित अंडमाला दिखाया पडा। अंड प्रजक होने के कारण इन अंडों को जिलेटनी पुंजों में निक्षेप करते है (चित्र-2)। अंड माला के टुकडों में पाये गए अंडों की संख्या से कुल अंडधागा के भार का गुणन करके जननक्षमता आकलित की गयी (चित्र-3)।



चित्र - 2 *डोनाबेल्ला रम्फी* का अंड पुंज



चित्र - 3 *डोनाबेल्ला रम्फी* का अंड

डी. रम्फी की आकलित जननक्षमता 125,000 अंडे थी। अंडजनन के तुरंत बाद प्रजनकों को और एक समकोणीय टैंक में स्थानांतरित

किया गया। अंडों के टैंक को मृदु वातन के साथ काले शीट से आंशिक रूप में ओढ दिया गया कि टैंक में प्रकाश कम हो जाए। जिलेटनी परत से निर्मित अंड माला 5-15 अंडे युक्त कई छोटे-छोटे भागों में घेरा हुआ था (चित्र-4)। ऊष्मायन के समय अंड धागे का रंग जतूनी आपीत हरित से हल्का भूरा-पीत बन गया। सात दिनों के ऊष्मायन के



चित्र - 4 समुद्री खरगोश के अंड माला में अंडे



चित्र - 5 अंड माला में स्फुटनावस्था प्राप्त भ्रूण

बाद डिम्भक बाहर निकला। नए स्फुटित डिम्भक की कवच लंबाई 174 ± 2 μm थी। लगभग 79% अंडे स्फुटित हो गए थे।

अंडजनन के तुरंत बाद वेलीजर डिम्भकों को जल में सक्रिय रूप से ऊपर नीचे के चालन के साथ और बीचों बीच उपांगों के साथ सिर को अंदर की ओर खींच कर आराम करते हुए देखा गया। अच्छी तरह विकसित ट्वइन्ड कवच, प्रच्छद, पाद, तरण गुठिका और नील लोहित रंग के दो बिन्दु के साथ डिम्भक हल्के भूरे रंग के थे (चित्र-6)। इनको



चित्र - 6 *डोनाबेल्ला रम्फी* का वेलिगर डिम्भक

प्रति मि ली 10^5 कोशिका की दर पर एक कोशिकीय एल्गे *आइसोक्राइसिस गाल्बाना* से खिलाया। 250 μm तक की अधिकतम कवच लंबाई के साथ आठ दिनों तक डिम्भक जीवित रहे। छठवाँ दिन तक प्रति दिन 10-11% मर्त्यता देखी गयी थी। छठवाँ दिन के अंत तक 17.5% (21,000 डिम्भक) अतिजीविततता देखी गयी और पक्ष्माभों के आक्रमण से बाद के दिनों में भारी मर्त्यता देखी गयी।

दूसरा अंडजनन पालन के चौथे दिन को देखा गया। अंडजनन का समय प्रायः प्रथम अंडजनन के जैसा था। अंडों को वही टैंक में स्फुटित होने के लिए रखा गया। आठवाँ दिन को स्फुटन हुआ और डिम्भक 6 दिनों तक जीवित रहे। पालन की अवधि में निरंतर मर्त्यता देखी गयी। 6 वाँ दिन के अंत तक 17000 डिम्भकों को जीवित देखा गया और अंतिम दो दिनों में भारी मर्त्यता देखी गयी।

तीसरा अंडजनन 7 वाँ दिन टैंक -2 में घटित हुआ। इस बीच टैंक-1 में एक प्राणी मर गया। अंडजनन समय और डिम्भक पालन की अवधि उपर्युक्त जैसा था और 10% अतिजीविततता देखी गयी। इसके बाद अंडजनन नहीं हुआ।

उपर्युक्त निरीक्षण से यह व्यक्त हुआ कि आल्पीसिया *डी. रम्फी* के लिए सबसे उत्तम आहार *हइपनीया म्यूसिफोर्मिस* है जिसकी प्रतिस्थापना *ग्रासिलेरिया इडुलिस* से की जा सकती है। यह भी देखा गया कि अधिक संभरण सघनता के टैंक में तेज़ अंडजनन होता है।

इस लेख के आलोचनापरक अवलोकन और आवश्यक सुधार सुझाने के लिए लेखक डॉ. के.एस. मोहम्मद, अध्यक्ष, मोलस्क मात्स्यिकी प्रभाग का आभारी है।

कर्नाटक तट के पश्चजल क्षेत्रों में उगने वाला समुद्रीघास *रुपिया मारिटिमा* - लवण सहिष्णु जीन का एक संभाव्य स्रोत

पी. कलाधरन और पी.यू. ज़क्करिया
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का विशाखपट्टनम क्षेत्रीय केंद्र और केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र

कर्नाटक जैवविविधता बोर्ड (कर्नाटक बयोडाइवर्सिटी बोर्ड) के लिए दिसंबर 2005 में तटीय कर्नाटक के समुद्री और ज्वारनदमुख जैवविविधता के सर्वेक्षण करते समय कुन्डापुर (13.64306ºN & 74.6586ºE) और माविनाहोल (13.9833ºN & 74.5616ºE) ज्वारनदमुख एवं देवगाड द्वीप (14.8225ºN & 74.0644ºE) के अंतराज्वारीय क्षेत्रों से बहुत पतला घास जातियों का खूब संग्रहण किया गया और सामान्यतः बीकड् टास्सेल वीड नाम से जानने वाली इनको *रुपिला मारिटिमा* एल पहचानी गयी।

इन लवणमृदोद्भिद (हालोफाइटिक) जलीय शैवाल झाडी पंका जैसी निमज्जक पौधे हैं जिनको घास जैसा पतले पत्ते होते हैं। इनके पत्ते बहुत ही पतला और एक मि मी से भी कम चौडाइ के होते है। मूल अनुपर्णी आच्छादों से स्टेम से अच्छादित होता है। स्टेम 25-30 से मी में शाखित एवं एक मि मी से कम चौडाई का होता है। इनके मूल पतला क्षैतिज राइज़ोम्स के साथ नोड्स से उत्पन्न होते हुए दिखाए पडते थे। संग्रहण करते समय फूल या फल नहीं थे। बलूई अधःस्तर में इन पौधों को 18-28 पी पी टी लवणता में निमज्जित रखा। इस घास के साथ *हाइपनिया म्यूसिफोर्मिस, ग्रासिलेरियोप्सिस* जातियाँ और *अल्वा रेटिकुलेटा* जैसे समुद्री शौवालों को भी देखा गया था। *रुपिया मारिटिमा* क्लासः अलिसमाटिडे; ऑर्डरः नाजाडेल्स और कुलः रुपियेसिए का सदस्य है।

यह घास एक अच्छा बालू बंधक है, इसलिए तटीय अपरदन रोकने में सक्षम है। जलपक्षी द्वारा इसके बीज और अन्य भागों को खाया जाता है। कर्नाटक के अतिरिक्त केवल तमिलनाडु तट से ही इसकी उपस्थिति रिपोर्ट की गयी है। इस समुद्रीघास से लवण सहिष्णु जीनों को चावल और पुली झींगा के खेतों में लवण सहिष्णु विभेदकों को बढाने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

भारत के दक्षिणपूर्वी तट में पाक की खाडी में देवीपट्टिनम और मान्नार की खाडी में कीलाकरै में स्क्विड और कटलफिश (सुफेनक) के लिए हस्त जिगन मात्स्यिकी

वी. वेंकटेशन और ए. षण्मुखवेल
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

देवीपट्टिनम और कीलाकरै में स्क्विड और कटल मछलियों के लिए थेर्मोकोल प्लव से प्रचालित हस्त जिगन में तीन प्रमुख भाग होते हैंः जापान निर्मित जिग (1-2 पंक्ति में काँटाएं चारा के साथ), भार लगाए गए, और 7-14 मी की लंबी डोर से बांधा हुआ। जापान निर्मित जिग के बनावट का विवरण इसके पहले भी दिया गया है (स.मा.सू से., त. व. वि अंकावली 137, 1995)। इसके निर्माण और थेर्मोकॉल प्लव के प्रचालन पर विवरण पहले ही उपलब्ध है (स.मा.सू.से त.व.वि अंकावली, 191, 2007)।

दिन के समय और कभी कभी पूर्णिमा के रातों में प्रचालित हस्त जिग देवीपट्टिनम और कीलाकरै के तट में स्क्विड और कटलफिश के लिए प्रयुक्त प्रमुख संभार है। देवीपट्टिनम से इस संभार के साथ थेर्मोकोल प्लव का प्रचालन करनेवाले लगभग 100 मोटोरिकृत नाव और कीलाकरै से 6-9 थेर्मोकोल प्लवों के साथ लगभग 60 नाव मत्स्यन के लिए जाती हैं।

कटलफिश पकड में प्रमुखतः दो जातियाँ *सेपिया एक्युलेटा* और *एस. फारोनिस* समाविष्ट थीं तो स्क्विड की पकड में केवल *सेपिलोट्यूथिस लेस्सोनियाना* उपस्थित थी। देवीपट्टिनम में वर्ष 2006 में कुल शीर्षपाद उत्पादन 584 टन था। निरीक्षण की अवधि में प्रति एकक प्रयास पकड 16 कि ग्रा के औसत के साथ 8 से 195 कि ग्रा के रैंच में थी। पकड में स्क्विड का हिस्सा 54% और कटलफिश का 46% था। अधिकतम पकड मार्च और जून में प्राप्त हुई थी। *एस. एक्युलेटा, एस. फारोनिस* और *एस. लेस्सोनियाना* नर के आकार रैंच क्रमशः 50-140 मि मी, 60-220 मि मी और 40-290 मि मी (डी एम एल) थे तो मादाओं के क्रमशः 50-150 मि मी, 60-259 मि मी और 92-240 मि मी (डी एम एल) के रैंच में थे। कटलफिश में *एस. फारोनिस* प्रमुख (77.3%) थी।

कीलाकरै में वर्ष 2006 में कुल शीर्षपाद उत्पादन प्रति एकक प्रयास पकड 10 कि ग्रा के आकलित औसत के साथ 229.9 टन था। जून-जुलाई के दौरान अधिकतम पकड का अवतरण देखा गया। पकड में कटलफिश और स्क्विड द्वारा योगदान क्रमशः 29.2% और 70.8% थे। शीर्षपादों में *एस. लेस्सोनियाना* की प्रमुखता (70.79%) देखी गयी और अन्य थी *एस. फारोनिस* (17.71%)। कटलफिश में *एस. फारोनिस* प्रमुख (60.63%) थी।

स्क्विड और कटलफिश के लिए हस्त जिगन इन दोनों केंद्रों में प्रमुखता प्राप्त कर रही है। इस संभार के पकड झुकाव पर आगे निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है।

धनुष्कोटी तट पर बहुसंख्यक ट्रिगर फिश *ओडोनस नाइगर* (रूपेल) की मर्त्यता

बिन्दु सुलोचनन, वी. वेंकटेशन, एन. राममूर्ती और ए. गांधी
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

धनुष्कोटी चेक पोस्ट से अरिचुमुनई तक 4 कि मी विस्तृत तटीय क्षेत्र में 2007 अक्तूबर 3 वीं और 4 वीं तारीखों को कई *ओडोनस नाइगर* (स्थानीय नाम करप्पुक्लाती) मछलियों को तट पर मृत अवस्था में देखी गयी। इस क्षेत्र में प्रत्येक 15 मीटरों के बीच औसतन 60 मछलियों को इस अवस्था में देखी गयी थी। मर गई मछलियों की आकलित कुल संख्या 16000 थीं। कुछ मछलियाँ अर्ध मरी अवस्था में तरंगों में पड कर आती हुई देखी गयी (चित्र-1)। जीवंत मछलियों को करीब से निरीक्षण करने पर त्वचा और क्लोम परजीवियों से आच्छादित देखा गया। इनमें क्रस्टेशियाई परजीवियों को कालिगस जीन में आनेवाला परजीवी कॉपीपोड पहचाना गया। इस क्षेत्र के जल का

चित्र 1. परजीवी कॉपीपोड *कालिगस* से आच्छादित मृत मछलियों के बीच जीवंत मछली

चित्र 2. *कालिगस* जीन की परजीवी कॉपीपोड

विश्लेषण करने पर पी एच 8.21, विलीन ऑक्सिजन 4.91 मि ली/ली, लवणता 34.9 पी पी टी, क्लोरोफिल 0.442 mg/m^3 और अमोणिया आवश्यक स्तर से कम स्तर पर देखा गया। इस क्षेत्र में शैवाल प्रस्फुटन नहीं देखा गया था। मछलियों की जननग्रंथी अप्रौढावस्था में थीं। *ओ. नाइगर* 600 मि मी तक की लंबाई प्राप्त करने वाली है, लेकिन मृत पायी गयी मछलियों का लंबाई रैंच 80-100 मि मी था। साधारणतया रामेश्वरम और पाम्बन में प्रचालित आनायकों में उप पकड के रूप में ये मछलियाँ प्राप्त होती है। कम वाणिज्यिक मूल्य के होने के कारण मछुआरों द्वारा उनको फेंक दिया होगा। धनुष्कोटी में तट की ओर उच्च तरंग में पडकर वापस प्रवाल क्षेत्र में जा नहीं पाने के कारण यह अवस्था हुई होगी।

न्यूफेरी वार्फ, मुंबई में *पाम्पस चिनेनसिस* (यूफ्रासेन, 1788) की उच्च पकड का अवतरण

ठाकुर दास, सुजीत सुन्दरम, सी.जे. जोसकुट्टी और बी.बी. चवान
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

पोम्फ्रेट्स बहुत ही स्वादिष्ट समुद्री खाद्य है और महाराष्ट्र में इसका उच्च बाज़ार मूल्य है। न्यू फेरी वार्फ में 20-10-07 को आनायकों द्वारा "चैनीस पोम्फ्रेट" नाम से मशहूर *पाम्पस चिनेनसिस* की उच्च पकड (प्लेट-1) का अवतरण किया गया। मत्स्यन तल उत्तर पश्चिम दिशा की ओर 30-40 मी की गहराई में था। तीन आनायकों ने लगभग 1.61 टन चैनीस पोम्फ्रेट का अवतरण किया और इस पकड से प्राप्त आय लगभग 3,87,200/- रु था।

कुल 57 नमूनों का मापन किया गया और फोर्क लंबाई 270-279 मि मी के माध्य के साथ 218 से 369 मि मी के रैंच में थी



चित्र 1. न्यू फेरी वार्फ में अवतरण की गयी *पाम्बस चिनेनसिस* की लंबाई आवृत्ति

(चित्र-1)। न्यू फेरी वार्फ में चैनीस पोम्फ्रेट का श्रेणीकरण और मूल्य सारणी - 1 में दिया गया है।

सारणी - 1 न्यू फेरी वार्फ में चीनी पोम्फ्रेट का श्रेणीकरण और मूल्य

पोम्फ्रेट का भार (ग्रा)	श्रेणी	प्रति कि ग्रा मूल्य (रु.)
500 के ऊपर	नंबर 1	317
400 - 499	नंबर 2	267
300 - 399	नंबर 3	142

चित्र - 2 न्यू फेरी वार्फ में चीनी पाम्फ्रेट का भारी अवतरण

चीनी पोम्फ्रेटों को मुंबई के शेल्फ जलक्षेत्र में और कच की खाडी में 80 मी की गहराई में देखा जाता है। इसकी प्रचुरता वर्षा वर्ष बदलती रहती है और इस प्रकार की भारी पकड साधारण नहीं है, अतः प्रौढ नमूनों की इस प्रकार की अप्रत्याशित पकड की यह प्रथम रिपोर्ट है।

हाल में उद्घाटन किए गए गांगुली 'छोटी मात्स्यिकी पोताश्रय' पर संक्षिप्त विविरण

ए.पी. दिनेशबाबु और गणेश भट्कल,
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का माँगलूर अनुसंधान केंद्र, माँगलूर

गांगुली उत्तर कैनरा तट का एक प्रमुख यंत्रीकृत मछली अवतरण केंद्र है। उत्तर कैनरा जिला की पोताश्रय सुविधा और मछली उत्पादन में प्रगति लाने के लिए एक 'छोटी मात्स्यिकी पोताश्रय' का हाल में निर्माण किया गया। यह छोटी मात्स्यिकी पोताश्रय, जिसका निर्माण पिछले पाँच वर्षों से हो रहा था, का उद्घाटन कर्नाटक राज्य के माननीय मात्स्यिकी मंत्री द्वारा दिनांक 24-8-07 को संपन्न हो गया।

मात्स्यिकी पोताश्रय का कुछ विवरण नीचे प्रस्तुत है:

निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तारीख	:	18-03-2002
निर्माण कार्य पूरा होने की तारीख	:	24-08-2007
जेटी की लंबाई	:	403 मी.
लंगर क्षमता	:	500



हाल में निर्मित गांगुली 'छोटी मात्स्यिकी पोताश्रय' का एक दृश्य

निर्माण की लागत	:	832 करोड
निर्माण	:	जियोटेक कनस्ट्रक्शन कंपनी, कोचीन

एपिनेफेलस डयाकान्थस में मांसार्बुद

बी.बी. चवान, सुजीत सुन्दरम और बी.एन. काट्कर
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

समुद्री मछलियों में अर्बुद बहुत विरल ही देखा जाता है, लेकिन न्यूफेरी वार्फ में 20-10-06 को अवतरण किए गए *एपिनेफेलस डयाकान्थस* के एक नर नमूने में एन्डो-ट्यूमर (शरीर के आंतरी भाग में) देखा गया।



प्लेट - 1 *एपिनेफेलस डयाकान्थस* के अंदर दिखाया पडा ट्यूमर



प्लेट - 2 *ई. डयाकान्थस* में दिखाया पडा ट्यूमर का सूक्ष्म दृश्य

मछली की कुल लंबाई 382 मि मी थी और भार 845 ग्रा था। इसके उदरीय कोष्ठ में पाये गये 14.3 मि मी ट्यूमर का भार 2.448 ग्रा था। इसका रंग धूसर काला और इसकी प्रकृति चर्मिल/मृदु था। संयोजी ऊतक से यह शरीर से जुडा हुआ था। यह असामान्य बढती के बारे में जाँच नहीं किया जा सका।

इसके पहले *ओटोलिथेस कुविरी* में बाह्य ट्यूमर के बारे सूचना की गयी थी (एम एफ आइ एस - 183)

डॉ. वी.डी. देशमुख और डॉ. मिरियम पॉल श्रीराम के निरंतर प्रोत्साहन के लिए हम आभार है।

सीनियप्पा दुर्ग, मान्नार की खाडी में एक हम्पबैक डोल्फिन का धंसन

वी. वेंकटेशन और एन. राममूर्ती
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

मान्नार की खाडी पर सीनियप्पा दूर्ग में 22-10-2007 को एक मृत डोल्फिन को तट पर देखा गया। बाहरी अभिलक्षणों, विशेषकर दांतों की संख्या के आधार पर इसको हम्पबैक डोल्फिन *सूसा चिनेनसिस* पहचाना गया। यह 228 से मी की लंबाई और 100 कि ग्रा भार की एक मादा नमूना थी। इसके अधरीय भाग में नाव के प्रोपेल्लर से घटित जैसा एक गहरी चोट थी।

सारणी - सीनियप्पा दुर्ग में तट पर देखी गयी *सूसा चिनेनसिस* (ओसबेक) का शारीरिक मापन (से मी में)

नेत्र का व्यास	2.5
प्रोथाग्र से पुच्छ पर्णाभ नोच तक	228
प्रोथाग्र से पृष्ठ पख मूल तक	100
प्रोथाग्र से नेत्र मध्य तक	39.4
प्रोथाग्र से वातन छिद्र तक	41
प्रोथाग्र से अरित्र मूल तक	62.5
प्रोथाग्र से गुद मध्य तक	162
बाहरी मार्जिन पर अरित्र की लंबाई	36
आंतरी मार्जिन पर अरित्र की लंबाई	25
बाहरी मार्जिन पर पृष्ठ पख की लंबाई	41.5
आंतरी मार्जिन पर पृष्ठ पख की लंबाई	12.3
पृष्ठ पख की ऊँचाई	18.7
गुद के क्षेत्र में चौडाई	35.4
अरित्र मूल पर गहराई	42
पृष्ठ पख मूल पर गहराई	70
नेत्र मूल पर गहराई	13.8
ऊपरी हनु की लंबाई	32
अधो हनु की लंबाई	31
अग्र से अग्र तक फोर्क लंबाई	54.9

इसका शारीरिक मापन सारणी में दिया गया है। स्थानीय मछुआरों से यह सूचना मिली कि चौदह दिनों पहले इसी आकार और जाति के एक और डोल्फिन का भी धंसन यहाँ हुआ था।

मुंबई में अवतरण की गयी समुद्री शिंगटी *ओस्टियोजेनियोसस मिलिटारिस* (लिन्नेइस 1758) में संपूर्ण रंजकहीनता

बी.बी. चवान, सुजीत सुन्दरम, ए.डी. सावंत और ठाकुर दास
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

रंजकहीनता साधारण वर्णकता को प्रभावित करने वाले कई जीन परिवर्तनों में से एक से घटित प्रतिभास है। रंजकहीनता के विभिन्न प्रकार होते हैं। एक रंजकहीन जीव या ऐमेलानिस्टिक जीव में मेलानिन नहीं होगा और ये लाली आँखों के साथ श्वेत दिखाए पडते हैं। 'ऐलबिनिसम' शब्द का प्रयोग सामान्यतः वर्णकता के अभाव को संकेत करने के लिए किया जाता है जो वंशागत नहीं होकर केवल प्राकृतिक होता है। (मार्टिन, 1963 और जोन्स और पन्टालु (1952)।

वेरसोवा में 6-9-07 को एक आनायक में पकडी गयी एक समुद्री शिंगटी में इस प्रकार की रंजकहीनता दिखायी पडी। प्रयोगशाला में जाँच करने पर इसको एक प्रौढ मादा *ओस्टियोजेनियोसिस मिलिटारिस* पहचानी गयी। '*सोलजियर कैटफिश*' नाम से जाननेवाला इसका स्थानीय नाम *पेत्रा सिंगाडा* है। 294 मि मी लंबाई के इस नमूने का भार 220 ग्रा था। इसके उदर में 17 अंडे थे और अंडों का व्यास 6.38 से 8.62 मि मी के रैंच में था। आहार नली खाली थी।

पंख सहित इसका पूरा शरीर रंगहीन था (प्लेट 1)। साधारणतया *ओ. मिलिटारिस* के सिर के ऊपरी और नीचे का रंग काला होता है और उदर हल्का धूसर से श्वेत होता है। प्रथम पृष्ठाग्र और वसा पख



प्लेट - 1 शिंगटी *ओस्टियोजेनियोसस मिलिटारिस* का रंजकहीन नमूना (लिन्नेयस 1758)

गहरे नीले रंग के होते है।

आंशिक रंजकहीनता के बारे में कई बार रिपोर्ट की गयी है, लेकिन इस प्रकार की संपूर्ण रंजकहीनता पर रिपोर्ट विरल है। भारतीय समुद्रों से प्राप्त शिंगटियों की संपूर्ण रंजकहीनता की ब्योरा सारणी-1 में दिया गया है।

ओ. मिलिटारिस के मामले में संपूर्ण रंजकहीनता की यह प्रथम रिपोर्ट लगती है। इसलिए इसका शारीरिक मापन ले लिया और प्रायः उसी आकार की (289 मि मी) एक साधारण मादा शिंगटी के साथ यह जानने के लिए तुलना की कि रंजकहीनता के कारण नमूने में यदि कुछ

सारणी 2. रंजकहीन और सामान्य शिंगटी *ऑस्टियोजेनियोसिस मिलिटारिस* का तुलनात्मक शारीरिक मापन

शारीरिक मापन (मि मी)	रंजकहीन शिंगटी	सामान्य शिंगटी
कुल लंबाई	294	289
प्रोथ से पुच्छवृंत तक की लंबाई	234	231
स्पर्शवर्ध की लंबाई	72	70
प्रोथ से पृष्ठ पख तक की दूरी	89	88
प्रोथ से अंस पख तक की दूरी	62	59
प्रोथ से श्रोणि पख तक की दूरी	121	114
प्रोथ से गुद पख तक की दूरी	168	163
पृष्ठ पख का बाहरी मार्जिन	54	51
पृष्ठ पख का आंतरी मार्जिन	23	19
प्रोथ से वसामय पख तक की दूरी	181	176
वसामय पख का बाहरी मार्जिन	28	27
वसामय पख का आंतरी मार्जिन	18	16
मुँह की लंबाई	61	60
अंस पख का बाहरी मार्जिन	43	40
अंस पख का आंतरी मार्जिन	14	11
वाताशय की लंबाई	35	34
श्रोणि की लंबाई	0.77	0.67
श्रोणि का भार	7.16	0.95

प्लेट - 2 *ओस्टियोजेनियोसिस मिलिटारिस* के रंजकहीन और सामान्य नमूना

सारणी 1. भारतीय समुद्रों से प्राप्त शिंगटियों में संपूर्ण रंजकहीनता पर प्राप्त रिपोर्ट

ग्रंथकर्ता	वर्ष	जाति	प्रकाशन
गुप्ता और भौमिक	1958	*एरियस जेल्ला* डेय	*Sci & Cul.* 24(6): 283
राजपान्डियन और सुन्दरम	1968	*टाचिस्यूरस डसुमिरी* (कुविर और वालेनसियेन्नस)	*जे एम बी ए* 9(1): 194-195.
जेम्स आदि	1975	*टाचिस्यूरस टेनिस्पिनिस* (डेय)	*मत्स्या*., 2:82.
पिल्लै और सोमवांशी	1981	*एरियस सीलेटस* (वालेनसियेन्नस)	*आइ.जे.एफ.,* 26:240-241.
ठाकुर दास आदि	2006	*एरियस सीलेटस* (वालेनसियेन्नस)	*एम.एफ.आइ.एस.,* 188:21-22

अंडाशय का भार	3.05	2.01
जिगर का भार	4.14	3.34
वाताशय का भार	40	39

परिवर्तन है कि या नहीं (सारणी - 2)। लेकिन वर्णकहीनता और बारबेलों के लंबाई और रंग में दिखाये पडे कुछ परिवर्तनों के अलावा बाकी सभी शारीरिक अभिलक्षण सामान्य नमूने के समान देखा गया (प्लेट-2)। प्रौढावस्था की ओर अग्रसर सामान्य नमूने का भार 178 ग्रा था तो रंजकहीन नमूने का भार 220 ग्रा पर कुछ ज़्यादा था।

इस नमूने को सी एम एफ आर आइ के मुंबई अनुसंधान केंद्र में फोरमालिन में डालकर परिरक्षित किया गया है।

पुस्तक समीक्षा :

स्टाटस एन्ड पेरस्पेक्टीव्स इन मरीन फिशरीस रिसर्च इन इन्डिया - सी एम एफ आर आइ हीरक जयंती प्रकाशन

टी.एस. नियोमी

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

पुस्तक का शीर्ष	:	स्टाटस एन्ड पेरस्पेक्टीव्स इन मरीन फिशरीस रिसर्च इन इन्डिया
ग्रंथकार	:	मोहनजोसफ मोडयिल और एन.जी.के. पिल्लै
प्रकाशक	:	सी एम एफ आर आइ, कोचीन - 682 018
आइ एस बी एन	:	81-90129 6-0
प्रकाशन का वर्ष	:	2007
पृष्ठों की संख्या	:	404
बाइन्डिंग	:	केस बाइन्डिंग



वर्ष 2007 के सुनहरे किरणें सी एम एफ आर आइ की हीरक जयंती घोषणाओं के साथ प्रकट हुए और इसके साथ अब विश्व के उत्कृष्ट मात्स्यिकी संस्थानों में एक रहे इस महत्वपूर्ण मात्स्यिकी संगठन के वस्तुनिष्ठ एवं फलदायक सेवाओं को प्रचार देने का निर्णय भी आगे आया। विभिन्न प्रकार के समारोहों के साथ हमारी खुशियाँ बांटने और समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान के विभिन्न आयामों में अभी तक हमारे द्वारा किए गए कार्यों का महत्व साबित करने के उद्देश्य से बहुसंख्यक किताबों का प्रकाशन भी इस अवसर पर हुआ। यह किताब **'स्टाटस एन्ड पेरस्पेक्टीव्स इन मरीन फिशरीस इन इन्डिया'** शीर्ष को सार्थक बनाकर भारतीय समुद्री मात्स्यिकी की बढती और वर्तमान अवस्था पर प्रकाश डालती है।

यह किताब भारत के परिदृश्य में अत्यधिक महत्वपूर्ण बहुविध और स्थानिक पहलुओं को एक अविश्वनीय क्रम में, सी एम एफ आर आइ के तीन भूतपूर्व निदेशकों सहित 31 अनुभवी और प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों द्वारा लिखित 13 समीक्षा लेखों का प्रतिपादन है। प्रथम लेख हमें भारत में समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान के इतिहास से लेकर इसकी वर्तमान स्थिति तक इसके प्रभाव और सी एम एफ आर आई की आगामी अनुसंधान प्राथमिकताओं में परामर्श के साथ, सैर कराती है। मात्स्यिकी पर व्यापाक रूप से और उपलब्धियों पर विशेष रूप से प्रतिपादित दूसरा लेख संबंधित गंभीर समस्याओं पर भी विचार करता है। अनुसंधान, अध्यापन और प्रशासन में चालीस वर्षों तक का अनुभव प्राप्त ग्रंथकार उपलब्ध साहित्यिक भंडारों की सहायता से बढती के मार्ग में आनेवाले प्रतिबंधों को पार करके खंडीय एवं राष्ट्रीय लक्ष्यों को तक पहुँचने का सुझाव देते हैं। तीसरा लेख भारतीय समुद्री प्रग्रहण मात्स्यिकी की वर्तमान और भावि प्रवणताओं पर संक्षिप्त विवरण है।

शेष चार लेख भारत में वेलापवर्ती, तलमज्जी, क्रस्टेशियाई और मोलस्क प्रग्रहण मात्स्यिकी के संपदा और जैविक अभिलक्षणों, विदोहन रीतियों, उत्पादन प्रवणताओं, प्रबन्धन निवेशों और परामर्शों पर विस्तृत

रूप से प्रतिपादन करते हैं। संबंधित मात्स्यिकी के प्रमुख संघटकों पर जाति संबंधित विवरणों सहित वितरण, बढती, विकास, प्रवास भविष्यवाची मोडलिंग, परिरक्षण, प्रबन्धन, वर्तमान स्थिति और आगे की प्रत्याशाओं के साथ दिया गया है। ये चार लेख प्रग्रहण मात्स्यिकी पर निहित विषय, ग्राफिक विवरण के आधार पर एक अच्छा संदर्भ ग्रंथ का धर्म निभाता है।

आठवाँ लेख में भारत के समुद्री मछली अवतरण के लिए विकसित प्रतिचयन रीतिनिधान के विकास द्वारा समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान में मछली प्रभव निर्धारण और क्षेत्रवार और संपदावार आकलन में प्राप्त प्रगति का दृश्य मिलता है। वर्ष 1950 से रीतिविधान में प्राप्त वृद्धि की काल-क्रमिक सूची विभिन्न अनुसंधान आवश्यकताओं के लिए सी एम एफ आर आइ में उपलब्ध आवश्य-आधारित सोफ्टवेयर के विकास की ओर इशारा करती है। सी एम एफ आर आइ का कंप्यूटर डाटा केंद्र अत्यन्त परिष्कृत मशीनों का उपयोग करता है जो भा कृ अनु प के कृषि अनुसंधान सूचना सेवा द्वारा संभालित है।

नवाँ लेख भारत के समुद्री मात्स्यिकी पर्यावरण अनुसंधान पर प्रकाश डालता है। भारतीय समुद्रों के महासागर विज्ञान पर सामान्य तौर पर संक्षिप्त प्रतिपादन के साथ कुछ मछली प्रभवों पर पर्यावरण घटकों का प्रभाव और दूरसंवेदन, भूमंडलीय सागर विज्ञान संबंधी डाटाबेस सहित महासागर विज्ञान अनुसंधान के हाल की प्रवणताओं पर विवरण देता है। यह लेख प्राथमिक और गौण उत्पादकों की स्थिति पर और भारतीय समुद्रों के पारिस्थितिक प्राचलों में सूक्ष्मजीवों के संबन्ध के बारे में प्रायः खामोश है। भारतीय अनन्य आर्थिक मेखला में समुद्री पर्यटन से और छोटे पोतों के उपयोग करके सी एम एफ आर आइ द्वारा संग्रहित बृहद डाटा पर्यावरणीय घटकों के संबंध में प्राणी एवं वनस्पतिजातों पर प्रकाशित असंख्य लेखों का आधार बन गया है।

अगला लेख भारत की समुद्री जैवविविधता अनुसंधान की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत रूप से समीक्षा करती है। इस में प्रायः सभी भारतीय समुद्री फाइला में आनेवाली जीव - संपदाओं के मोनिटरिंग सूची और वर्गीकरण संबन्धी सूचनाएं प्राप्त होती है। मछली, कछुआ और स्तनियों पर लघु विवरण भी इस में शामिल किया गया है। इन सब के अतिरिक्त भारत में समुद्री जैवविविधता को सामना करना पडने वाली चुनौतियों के आधार पर जैविविविधता की शक्यता को कायम रखने लायक सुरक्षा, प्रबन्धन और वहनीय उपायों पर भी प्रतिपादन करने का प्रयास किया गया है।

"पेरस्पेक्टीव्स इन मराइन बयोटेक्नोलजी रिसर्च एन्ड डेवलपमेन्ट इन इन्डिया" समुद्री जैव प्रौद्योगिकी सेक्टर में किये गये अनुसंधान क्रियाकलापों और इसके अनुसार भारतीय जलकृषि में हुए विकासों पर प्रतिपादित है। भारत में प्रभवों की वृद्धि के लिए मात्स्यिकी संपदाओं के आनुवंशिक उपायों और चयनात्मक प्रजनन, आनुवंशिक लक्षण वर्णन, वैविद्यता मूल्यांकन और संरक्षण द्वारा चलाए गए अनुसंधान कार्यों की मूल्यवान सूचना का विस्तृत ब्योरा उपलब्ध कराया गया है और यह लेख हिमपरिरक्षण, पोषण, जैवप्रौद्योगिकी, मछली स्वास्थ्य प्रबन्धन और जैवपूर्वेक्षण पर प्रतिपादन के साथ समाप्त होता है।

अगला लेख समुद्री संवर्धन अनुसंधान, इसकी वर्तमान स्थिति, कठिनाइयाँ और प्रत्याशाओं का विस्तृत वर्णन है। भारत में समुद्री संवर्धन पर कदम उठाने वाला प्रथम संस्थान है सी एम एफ आर आइ और इस दिशा में संस्थान ने भारतीय स्थितियों के अनुकूल कई प्रौद्योगिकियों का विकास भी किया है। चिंगट पालन और स्फुटनशाला प्रौद्योगिकी के ज़रिए क्रस्टेशियन समुद्री संवर्धन, महाचिंगट और कर्कट पालन/मुटायन; मुक्ता उत्पादन से संबंधित मोलस्कन समुद्री संवर्धन, शंबु, सीपी, जठरपाद और शीर्षपाद संवर्धन; अलंकारी मछली संवर्धन सहित समुद्री पखमछली संवर्धन, समुद्री शैवाल संवर्धन, समुद्री ककडी, रोटिफेर और समुद्री एल्गे के बारे में भी चर्चा की गयी है। प्रमुख कठिनाइयों के साथ उनके विकल्पों का प्रस्ताव भी इस लेख में किया गया है।

अंतिम लेख 'फिशरीज़ एकनोमिक्स एन्ड एक्स्टेनशन इन इंडिया' पर है। इस में तीन प्रमुख पहलुओं पर, जैसे मात्स्यिकी अर्थशास्त्र और नीति अनुसंधान, विस्तार अनुसंधान और प्रौद्योगिकी स्थानांतरण और अंत में चुनौत्तियाँ और सुअवसर का प्रतिपादन है। यह सी एम एफ आर आइ के प्रारंभ कालीन अनुसंधान कार्यों से लेकर प्रत्येक अवस्थाओं में किए गए अनुसंधान नवीकरणों के साथ विस्तार अनुसंधान पर एक अवलोकन है जो भविष्य में सामना करना पडनेवाली चुनौतियों के लिए परिस्थिति स्नेही समाधान के साथ समाप्त होता है।

यह प्रकाशन विद्यार्थियों, अनुसंधेताओं, मात्स्यिकी आयोजकों, नीति निर्माताओं और मात्स्यिकी से लगे हुए सभी लोगों के लिए उपयोगी सूचनाधार स्थापित होगा। यह सार्वभौमिक पृष्ठभूमि के साथ भारत में समुद्री मात्स्यिकी में चलाए गए अनुसंधान कार्यों का एक पूर्णरूप माना जा सकता है और विशेषज्ञों द्वारा गौर समीक्षा की गयी है। वाल्ट डिस्नी के अनुसार किताबें कोई भी खजाने से मूल्यवान है। इस प्रकार यह किताब भी पढनेवालों के लिए प्रथम से अंतिम पृष्ठ तक अनन्य सिद्ध होगी।